HIMACHAL PRADESH THIRTEENTH VIDHAN SABHA

(Fifteenth Session)

Questions For Oral Answer

Thursday, 11th August, 2022/20th Shravan, 1944 (Saka)

[Chief Minister - Jal Shakti Minister - Urban Development Minister - Social Justice & Empowerment Minister - Technical Education Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister - Industries Minister - Education Minister - Health and Family Welfare Minister - MPP & Power Minister - Forest Minister and Food, Civil Supplies and Consumer Affairs Minister].

Total No. of Questions - 41

Allotment of PDS Depot

*5225 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):

Will the **Food, Civil Supplies and Consumer Affairs Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that District Food Committee has allotted PDS Depot/Shop to Mahila Mandal Jaswi in Shillai Block; when it was sanctioned and is the Depot functional; if not, reason for the delay be given; and

(b) by when the Depot/Shop will be opened for the public?

बैंक की स्थापना

*5226 **कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत रिस्सा नामक स्थान पर कोई सरकारी, प्राइवेट या सहकारी बैंक की शाखा नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार यहां पर सहकारी बैंक की कोई शाखा खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Notified Schools

***5227 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many GSSS are notified in Dalhousie Assembly Constituency and how many schools have Science and Commerce stream among these Schools; name and school-wise details be given; and

(b) how many posts of all categories are notified and how many are lying vacant in these schools; category and school-wise details be given?

मुआवज़ा राशि

***5228 श्री किशोरी लाल (आनी) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत भारी वर्षा के कारण कितना जान-माल का नुकसान हुआ; सरकार द्वारा इसकी भरपाई हेतु क्या कदम उठाए गए हैं व कितनी धनराशि प्रदान की गई है; ब्यौरा प्रभावित परिवारों के नाम व पते सहित दें; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सराहन, ब्लॉक निरमण्ड में भारी वर्षा के कारण भू-स्खलन से हुई क्षति की भरपाई हेतु सरकार द्वारा कितनी धनराशि फौरी राहत के रूप में प्रभावितों को वितरित की गई तथा कितनी क्षति का अनुमान संभावित है; पूर्ण ब्यौरा दें?

पेयजल योजना गम्बर

***5229 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत गम्बर पेयजल योजना के तहत कितनी पंचायतों को शामिल किया गया है; वर्तमान में कितनी पंचायतें इस पेयजल योजना से लाभान्वित हुई हैं व कितनी वंचित रह गई हैं;

सरकार वंचित पंचायतों हेतु इस योजना का लाभ कब तक प्रदान करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

*5230 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा नेरचौक गलमा कलखर मुख्य मार्ग के ब्लैक स्पॉट हटाने हेतु दो करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है; यह धनराशि कब तक प्राप्त होगी तथा इस सड़क को चौड़ा करने के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा इसका कार्य कब आरंभ किया जाएगा; और

(ख) मंडी-मलोरी-गागल-नलसर सड़क को चौड़ा करने हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा यह कार्य कब आरंभ किया जाएगा; ब्यौरा दें?

Pending case of FCA /FRA

*5231 Sh. Nand Lal (Rampur):

Will the **Forest Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto 20.07.2022, what is the number of FRA and FCA cleared and pending with the Department in Rampur Assembly Constituency; details be given?

केन्द्रीय विद्यालय

*5232 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर)**:

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने हेतु कितने प्रस्ताव भेजे गए; और

(ख) ये विद्यालय कहां-कहां पर स्थापित किए जाने हैं; ब्यौरा जिलावार दें?

Loss and damage to Crops

***5233 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state :-

(a) is there any provision to compensate the farmers for loss and damage accruing to Agriculture and Horticulture crops due to emission of dust by the activities of the hydel projects under the R&R policy as adopted by the Government in the year, 2011;

(b) what are the project activities; and

(c) what is the correct and scientific method of measuring distance from the project activities covered under the three different zones i.e., 0 to 300 meters falling under Zone 1, 300 to 600 meters falling in Zone 2 and 600 to 900 meters falling in Zone 3; details be given?

पंजीकरण

***5234 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत श्रमिक विभाग में कितने लोगों के नाम पंजीकृत किए गए जिन्होंने 90 दिन पूरे किए हैं; कितने लोगों को श्रम विभाग द्वारा सामग्री या अन्य प्रकार के लाभ दिए गए तथा यह सामग्री किसके द्वारा आबंटित की गई है; ब्यौरा नामवार, पतेवार व सामग्रीवार दें; और

(ख) कितने लोग इस लाभ से वंचित हैं; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

स्थानान्तरण

***5235 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक डोडरा-क्वार के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में कितने स्थानान्तरण हुए हैं तथा विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

बी0ए0डी0पी0 के तहत प्राप्त धनराशि

***5236 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक बी0ए0डी0पी0 के अन्तर्गत केन्द्र से प्राप्त धनराशि का ब्यौरा वर्षवार व खण्डवार दें;

(ख) बी0ए0डी0पी0 के अन्तर्गत खण्डवार अब तक कितनी योजनाएं स्वीकृत, पूर्ण व लम्बित पड़ी हैं; लम्बित योजनाओं के लिए कितनी धनराशि की आवश्यकता है; ब्यौरा दें;

(ग) वाइब्रेन्ट विलेज योजना जो बी0ए0डी0पी0 के स्थान पर लाई गई है, इस योजना में दिनांक 20.07.2022 तक कितनी धनराशि केन्द्र से प्राप्त हुई है; और

(घ) वाइब्रेन्ट विलेज योजना के अंतर्गत पूह व कल्पा विकास खण्ड की कितनी पंचायतें सम्मिलित हैं व इन पंचायतों को कुल कितनी योजनाएं प्राप्त हुई हैं तथा ये योजनाएं कितनी धनराशि की हैं; ब्यौरा दें?

पुनः नियुक्ति

***5237 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश में विभिन्न विभागों में कितने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के पश्चात पुनः नियुक्ति दी गई; और

(ख) इन अधिकारियों तथा कर्मचारियों के वेतन तथा अन्य भत्तों पर कितनी धनराशि व्यय की गई; व्यक्तिवार धनराशि सहित ब्यौरा दें?

मुख्य मंत्री पॉलीहाउस नवीनीकरण योजना

***5238 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि मुख्य मंत्री पॉलीहाउस नवीनीकरण योजना प्रदेश में चलाई जा रही है; यदि हां, तो इसके प्रमुख बिन्दु क्या हैं; और

(ख) सरकार इसी योजना की तर्ज़ पर एंटी हेलनेट पर भी कोई नवीनीकरण योजना लाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

बकरी पालन योजना

***5239 श्री आशीष बुटेल (पालमपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश में बकरी पालन योजना के तहत कितनी धनराशि लोगों से एकत्रित की गई तथा इस धनराशि की एवज में कितनी बकरियां सरकार द्वारा लोगों को उपलब्ध करवाई गईं; ब्यौरा वर्षवार व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) यह धनराशि पशुपालकों से कब-कब ली गई व कब-कब वापिस की गई; इस धनराशि पर सरकार द्वारा पशुपालकों को कितना ब्याज अदा किया गया; ब्यौरा धनराशि वापिस करने के कारणों सहित दें?

नियुक्तियों में रोस्टर

***5240 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार की दिनांक 3.12.2020 की अधिसूचना के अनुसार जल शक्ति और शिक्षा विभाग में रखे जाने वाले मल्टी टास्क वर्कर के लिए आरक्षण लागू होगा; यदि हां, तो क्या यह आरक्षण लागू किया जा रहा है; यदि नहीं, तो कारण?

Transport Nagar

***5241 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state is it a fact that foundation stone for Transport Nagar was laid in Solan; what is the time frame for the construction of this project; details be given?

राजकीय प्राथमिक पाठशाला चैड़ी

***5242 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभाग/प्रशासन द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला चैड़ी के भवन को असुरक्षित घोषित किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इसके नए भवन निर्माण हेतु क्या आगामी कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

बस अड्डा निर्माण

***5243 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत भोटा में बस अड्डे का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो क्या इस हेतु भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है; और

(ख) इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

बैजनाथ से नेरी नेशनल हाइवे

***5244 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बैजनाथ से नेरी नेशनल हाइवे का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; इस हाइवे का निर्माण वाया चौवीन किया जाएगा अथवा पडोंल; ब्यौरा दें?

महाविद्यालय का निर्माण

***5245 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत चंगर क्षेत्र में सरकार कब तक डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है?

पाठशालाओं का उन्नयन

***5246 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी पाठशालाएं स्तरोन्नत की गई व कितनी पाठशालाओं को अधिसूचित होने के बाद भी स्तरोन्नत नहीं किया गया है; ब्यौरा पाठशाला के नामवार दें?

लाइब्रेरियन के रिक्त पद

***5247 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार पाठशालाओं और महाविद्यालयों में लाइब्रेरियन/सहायक लाइब्रेरियन/जूनियर ऑफिस असिस्टैंट के पदों को भरने पर विचार कर रही है; यदि हां, तो वर्तमान में इन श्रेणियों के कितने-कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें; और

(ख) इन पदों की भर्ती हेतु भर्ती एवं पदोन्नति नियम बन गए हैं; यदि हां, तो उनकी प्रति सभा पटल पर रखें; यदि नहीं, तो ये नियम कब तक बना दिए जाएंगे; ब्यौरा दें?

MLA Priority Schemes

***5248 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last three years upto dated 20.07.2022, how many MLA Priority Schemes have been sanctioned for Dalhousie Assembly Constituency;

(b) how many DPRs of these priority Roads and Bridges have been prepared by PWD till date of these schemes; and

(c) during this period what is the latest position of each MLA Priority work; work-wise details be given?

भवन निर्माण

***5249 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत 11 नई पंचायतों का गठन किया गया है; यदि हां, तो इनके भवन निर्माण का कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

नई राहें-नई मंजिलें

***5250 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश सरकार को पर्यटन विभाग के द्वारा नई राहें-नई मंजिलें योजना के तहत कितने आवेदन प्राप्त हुए; इनमें से कितने आवेदनों को स्वीकृत किया गया; और

(ख) अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत इस योजना के तहत कितने आवेदन प्राप्त हुए व कितने स्वीकृत किए गए; ब्यौरा दें?

प्रधानमन्त्री आवास योजना

***5251 श्री आशीष बुटेल (पालमपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) पालमपुर नगर निगम बनने से लेकर दिनांक 20.07.2022 तक प्रधानमन्त्री आवास योजना के अंतर्गत कितने मकान स्वीकृत हुए हैं; ब्यौरा वार्डवार दें;

(ख) पहली, दूसरी एवं तीसरी किश्त कितने लाभार्थियों को दी गई; ब्यौरा किश्तवार दें;

(ग) इस योजना के अंतर्गत नगर निगम पालमपुर में कितने मकानों हेतु धनराशि आबंटित की जानी थी व कितनी धनराशि दी गई; ब्यौरा दें; और

(घ) यह सत्य है कि लाभार्थियों को मकान स्वीकृत होने के बावजूद भी धनराशि प्रदान नहीं की जा रही है; ब्यौरा कारणों सहित दें?

Construction of PHC Building and Trauma Center at Rampur

***5252 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state that what is the latest position of construction of PHC building at Lalsa and Kungal Balti and Trauma Center at Rampur(MGMSC); details be given?

One Percent Revenue

***5253 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state :-

(a) are all hydel project effected families entitled to one percent of the revenue earnings from the hydel project; if yes, what is the yardstick to distribute it and who is defined as a project affected family and project affected Gram Panchayat;

(b) is this policy applicable to private hydel project also; and

(c) how many IPP's are paying 1 % earnings of the revenue to the project affected families?

स्वीकृत पद

***5254 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; ब्यौरा पाठशालावार, पदवार तथा नामवार दें; और

(ख) सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

विधायक प्राथमिकता कार्य

*5255 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक जल शक्ति मण्डल रोहड़ू में विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत कितनी योजनाओं की डी0पी0आर्ज0 तैयार की गई हैं तथा कितनी योजनाओं की डी0पी0आर्ज0 बनाना शेष है; इनमें से कितनी योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है व कितनी योजनाओं का कार्य प्रगति पर है; योजनावार ब्यौरा दें?

लोकल एरिया डेवलपमेन्ट फण्ड

*5256 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) जिला किन्नौर में लोकल एरिया डेवलपमेन्ट फण्ड किन-किन हाईडल प्रोजैक्टों से कब से देय है; इनसे धनराशि वसूल करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक लोकल एरिया डेवलपमेन्ट फण्ड व्यय करने हेतु कितनी बैठकें आयोजित की गईं; और

(ग) इस अवधि में किन-किन प्रोजैक्टों से 1% लाभ की कुल कितनी धनराशि किस वर्ष से प्रभावित क्षेत्रों को देय है; प्रोजैक्टों के नाम सहित ब्यौरा दें?

कृषि विपणन समितियां

*5257 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में कहां-कहां और कितनी कृषि उपज विपणन समितियां स्थापित हैं; जिलावार ब्यौरा दें; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक इन समितियों ने किस-किस कार्य पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की; समितिवार ब्यौरा दें?

पी०एम०जी०एस०वाई० चरण-I & II

***5258 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) पी०एम०जी०एस०वाई० चरण-I & II के तहत कितने कार्य लंबित पड़े हैं; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) सरकार धन के अभाव से लंबित इन कार्यों के लिए अतिरिक्त धनराशि प्रदान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो इन कार्यों पर कितनी अतिरिक्त धनराशि व्यय होगी; ये कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे; ब्यौरा दें?

विश्राम गृह निर्माण

***5259 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि हिमाचल प्रदेश विद्युत निगम द्वारा नेरचौक विद्युत मण्डल के अंतर्गत विश्राम गृह का निर्माण किया जाना प्रस्तावित था; यदि हां, तो इस विश्राम गृह के निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा इस हेतु कितनी औपचारिकताएं शेष हैं; ब्यौरा दें?

शौचालयों का निर्माण

***5260 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा) :**
श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना) :

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश के जल शक्ति विभाग में कितने शौचालयों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि खर्च की गई;

(ख) वर्तमान में जल शक्ति विभाग के पम्प हाउसों / उठाऊ पेयजल योजनाओं के लिए कितने शौचालय बनाए गए हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार इनका निर्माण करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

Construction of Road

***5261 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that by when the construction work of road to Malga via Balaini Khaud will be started; details be given?

विदेश हेतु एन0ओ0सी0

***5262 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 22.07.2022 तक कितने टी0जी0टी0 अध्यापकों ने विदेश जाने हेतु एन0ओ0सी0 प्राप्त करने के लिए आवेदन किए;

(ख) इस अवधि में निदेशालय स्तर पर कितने अध्यापकों को स्वीकृति प्रदान की गई व शेष बचे अध्यापकों को कब तक स्वीकृति प्रदान की जाएगी; और

(ग) इस हेतु क्या निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा एन0ओ0सी0 प्रदान कर सकते हैं; यदि नहीं, तो कारण?

आयुर्वैदिक औषधालय

***5263 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत ग्याराग्रां के चम्बेह में, ग्राम पंचायत डलचेहड़ा और ग्राम पंचायत टिक्कर राजपूतां में नये आयुर्वैदिक औषधालय खोले गए थे; यदि हां, तो क्या इन औषधालयों में आवश्यक स्टाफ को नियुक्त करने हेतु सरकार द्वारा कोई अधिसूचना की गई थी; यदि हां, तो अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) इन औषधालयों हेतु भवनों का निर्माण कर दिया गया है; यदि नहीं, तो कारण?

विद्युत परियोजना थाना

*5264 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्रस्तावित विद्युत परियोजना थाना पलहून का कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा व इससे कितने स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त होगा; ब्यौरा दें?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जोघों

*5265 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जोघों का दर्जा बढ़ाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारणों सहित ब्यौरा दें?

यशपाल शर्मा,
सचिव।